# पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**लखनऊ, 10 मार्च, 2025:** पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के प्रभावी क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी-इन्वेस्ट यूपी द्वारा भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआईएसएजी-एन) BISAG-N (MeitY) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापक आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र की योजना के लिए गति शक्ति प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए अंतर्दृष्टि, केस स्टडी और सर्वोत्तम प्रचलित माध्यमों पर चर्चा हुई।

पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा, यूपीडा जैसे प्रमुख विभागों के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास आदि जैसे सामाजिक विभागों सहित विभिन्न जिलों के 300 से अधिक सरकारी अधिकारियों ने कैपिसिटी बिल्डिंग और जानकारी के उद्देश्य से इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित विषयों पर दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए: "समग्र आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र नियोजन के लिए पीएम गति शक्ति को बढ़ाने पर प्रदर्शन" और "बुनियादी ढांचे और सामाजिक नियोजन के लिए एसएमपी/डीएमपी प्लेटफार्मों का लाभ उठाना: अनुभव, बेस्ट प्रेक्टिस और भविष्य का रोडमैप।"

सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश में पीएम गति शक्ति की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की गई।

**मुख्य अतिथि, माननीय औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन और एनआरआई मंत्री, श्री नंद गोपाल गुप्ता "नंदी**", ने विकास परियोजनाओं की योजना और निष्पादन में पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस व्यापक जमीनी स्तर के डेटा को मैप करने में शामिल सभी हितधारकों और एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की, जो (गैप एनालिसिस) अंतर विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगा और संसाधनों के समान वितरण को बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने मजबूत बुनियादी ढांचे जिसमें देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं- जिससे उत्तर प्रदेश की लैंड लाक स्थिति, अब एक रणनीतिक लाभ में बदल रही है, जिससे यह एक पसंदीदा निवेश गंतव्य बन गया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत वैश्विक स्तर पर पसंदीदा निवेश स्थल है और भारत के भीतर उत्तर प्रदेश अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। **माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में निवेश-अनुकूल नीतियों के साथ, राज्य 'उत्तम प्रदेश' से 'सर्वोत्तम प्रदेश' में परिवर्तित हो रहा है।**

उत्तर प्रदेश के **माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अनिल कुमार** ने पीएम गति शक्ति द्वारा सक्षम समग्र आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र की योजना पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मास्टर प्लान कनेक्टिविटी में सुधार और निवेश आकर्षित करने का एक शक्तिशाली उपकरण है, जो राज्य और राष्ट्र दोनों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। पीएम गति शक्ति बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करके उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करेगी।

**अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के सचिव तथा इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अभिषेक प्रकाश** ने कार्यशाला को संबोधित किया तथा गति शक्ति मास्टर प्लान पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होने कहा कि "माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पीएम गति शक्ति और लॉजिस्टिक्स सुगमता के मामले में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इन पहलों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के साथ उत्तर प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य बन गया है।"

श्री अभिषेकप्रकाश जी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में निर्बाध मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तथा समग्र इंफ्रास्ट्रक्चर नियोजन करना है, जिसमें बेहतर निर्णय लेने के लिए अवस्थापना गैप की पहचान करने तथा डेटा लेयर्स को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उत्तर प्रदेश ने प्रभावी परियोजना नियोजन तथा क्रियान्वयन के लिए 80 से अधिक डेटा लेयर्स को एकीकृत किया है, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

उन्होने बताया कि जीआईएस मैपिंग की सहायता से कई डेटा लेयर्स तथा ग्राउंड-लेवल मैपिंग के एकीकरण ने ग्राउंड लेवल पर औद्योगिक क्लस्टर्स की पहचान करने में राज्य की क्षमता को बढ़ाया है। पोर्टल के माध्यम से अब किसी स्थान के उद्योगो को देखा जा सकता है। निवेश मित्र तथा निवेश सारथी जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (EODB) को बढ़ावा मिला है। यूपी लगातार तीसरे वर्ष लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) रैंकिंग में 'अचीवर स्टेट' बना।

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना विभाग के प्रमुख सचिव श्री पंधारी यादव** ने सीमित संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, डेटा सटीकता सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से अपडेट किए गए डेटाबैंक को अपडेट रखने के महत्व को रेखांकित किया।

**भारत सरकार के डीपीआईआईटी के उप सचिव श्री रमेश वर्मा** और ने समग्र विकास के लिए गति शक्ति के पहल के सहयोगात्मक प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होने कहा कि यूपी गति शक्ति परियोजनाओं के संचालन में अग्रणी राज्य है। उन्होने पहुँच (PAHUNCH) माध्यमिक शिक्षा विभाग जैसे अनुप्रयोगों का सजीव प्रदर्शन किया।

तकनीकी सत्र के दौरान, **आरएसएसी-यूपी के वैज्ञानिक श्री सुशील चंद्रा** ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और निर्बाध एकीकरण और सुचारू कार्यक्षमता सुनिश्चित करने में इन्वेस्ट यूपी की भूमिका को सराहा।

**बीआईएसएजी-एन के एडीजी श्री विनय ठाकुर** ने निर्बाध एपीआई एकीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपग्रह आधारित शिक्षा, आपदा प्रबंधन के बेहतर योजना प्रबंधन और डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए 3डी मॉडलिंग के महत्व पर जोर दिया।

**यूपी राज्य सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निगम के निदेशक ब्रिगेडियर अतुल कुमार** ने पीएम गति शक्ति के प्रभाव, यूपी के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक, रक्षा औद्योगिक गलियारे बहुमूल्य जानकारी दी।

**बीआईएसएजी-एन के निदेशक श्री अजय पटेल** ने पीएम गति शक्ति एसएमपी और डीएमपी पोर्टल की उपयोगिता, आसान इंटरफेस, प्रमुख लाभ और केस स्टडीज पर चर्चा की।

कार्यशाला का समापन **श्री शीलधर सिंह यादव, विशेष सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी** और आरएसएसी-यूपी के निदेशक के धन्यवाद-ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने मुख्य बातों का संक्षेप में बताते हुए पीएम गति शक्ति के लिए भविष्य के रोडमैप की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

-----------------